मद संख्या-2

हरिद्वार विकास प्राधिकरण का प्रस्तावित बजट पूर्व बैठक में स्वीकृति हेतु रखा गया था। जिसमें सुझाव दिये गये थे कि वर्ष की प्रस्तावित आय को प्राप्त करने हेतु ठोस प्रयास व समयबद्ध कार्यक्रम तैयार करके उनका क्रियान्वन किया जाये। आगामी तीन माह में प्रस्तावित आय उपेयोग्यौरा अध्यक्ष/आयुक्त महोदय को प्रस्तुत किया जाये तथा आवश्यकतानुसार आय-व्ययों घटोतरी व बढ़ोतरी कर पुनरीक्षित बजट तैयार कर प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया जाये ।

उपरोक्त बिन्दुओं को ध्यान में रखकर वर्ष 92-93 का पुनरीक्षित बजट तैयार किया गया है। 1992-93 की आय-व्यय के दिनांक 15.11.92 तक वास्तविक स्थिति को दर्शाते हुए बजट बनाकर प्राधिकरण के समक्ष अनुमोदनार्थ रखा जा रहा है ।

बजट 1992-93 की विस्तृत स्थिति निम्नानुसार है:-

**(1)-प्रस्तावित आय**

**(क)-राजस्व आय**

पूर्व बजट में राजस्व रूपये 116.50 लाख की प्राप्ति प्रस्तावित की गई थी पुनःरीक्षित बजट में 120.50 लाख की आय प्रस्तावित की गई है। कुछ मदों में कमी तथा कुछ में बढ़ोतरी की गई है। जिसका विश्लेषण इस प्रकार है-

- विनियोगों से आय की मद में पूर्व बजट में .50 लाख प्रस्तावित था। प्राधिकरण की पिछले चार माह की प्राप्तियों में पर्याप्त सुधार होने के कारण अधिक से अधिक राशि अल्प कालीन विनियोगों में जमा करने इस मद में 15.11.92 तक 5.50 लाख की राशि प्राप्त की जा चुकी है। उक्त मद में 8.00 लाख की आय 92-93 हेतु प्रस्तावित की गई है ।
- शमन शुल्क की आय मद में पूर्व बजट में 3.50 लाख प्रस्तावित है। पिछले चार माह में अधिक से अधिक कम्पाउन्ड केसों के निस्तारण से इस मद की आय में पर्याप्त वृद्धि हुई है दिनांक 15.11.92 तक इस मद में 7.39 लाख की आय प्राप्त की है। इस कारण इस मद में रु 20.00 लाख की आय प्रस्तावित की गई है ।
- प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत बिक्री से पूर्व बजट में 20.00 लाख प्रस्तावित थी अनेकों प्रयास बिक्री हेतु किये जा रहे हैं। अतः इस मद में 15.00 लाख प्रस्तावित की जारही है।
- अर्द्ध कुम्भ मेला कार्यों से लगभग 20.00 लाख की आय होने का अनुमान था परन्तु मेला समाप्त होने तक रूपये 5.00 लाख ही प्राप्त हो पाया था। अतः इस मद को 5.00 लाख तक ही सीमित किया जा रहा है ।

**(ख) पूंजीगत आय**

पूर्व बजट में पूंजीगत आय की मद से 989.25 लाख रूपये प्रस्तावित थे । पुनर्रीक्षित बजट में इस मद में 665.15 लाख रूपये प्रस्तावित की जा रही है। मदों में घटोत्तरी व बढ़ोत्तरी निम्न प्राप्तियों में की गई है:-

1. आवासिक पूंजी हेतु ऋणों के लिए शासन व पर्वतीय विकास विभाग से 50 लाख का प्रावधान पूर्व बजट में किया गया था। इस सम्बन्ध में कोई प्रस्ताव शासन को xxको प्रेषित नहीं किया गया था । इस कारण इस आय की मद को समाप्त किया जा रहा है ।

2. शिवलोक योजना द्वितीय भाग व विस्तार से 45 लाख की आय पूर्व में प्रस्तावित थी। दिनांक 15.11.92 तक इस मद में 58.33 लाख की आय प्राप्त की जा चुकी है । वृद्धि को ध्यान में रखकर इस मद की आय को बढाकर 70 लाख का प्राविधान किया गया है। किस्तों की प्रभावी वसूली से यह वृद्धि हुई है ।

3. सराय रोड पर हरिलोक आवासीय योजना में पूर्व में 215 लाख की आय प्रस्तावित थी। इस योजना को पुनः तैयार किया गया है व ले-आउट भी नया बनाया गया है। वर्तमान में बनाये गये प्रस्तावों में इस वर्ष के बचे हुए समय के लिए 132 लाख प्रस्तावित किये जा रहे हैं ।

4. भावी आवासीय योजना के मद में 75 लाख की आय प्रस्तावित थी। वर्तमान में रायवाला एक निम्न वर्गीय आवासीय कालोनी के लिए भूमि का कब्जा प्राप्त कर लिया गया है एवं शीघ्र ही आवासीय योजना चलाई जानी प्रस्तावित है । उक्त योजना से इस वर्ष के अन्त तक 30 लाख की आय का प्राविधान रखा गया है।

5 (अ) टी0एच0डी0सी0 की पुर्नवास योजना से इस वर्ष के पूर्व बजट में 35 लाख रूपये की आय प्रस्तावित की गई थी। दिनांक 15.11.92 तक टी0एच0डी0सी0 कुल 25 लाख प्राप्त हो चुके हैं । इस वर्ष 10 लाख रूपये और प्राप्त होने की आशा है । अतः कुल 35 लाख रूपये का प्राविधान किया जा रहा है ।

(ब) टी0एच0डी0सी0 ऋषिकेश कार्यालय परिसर में कर्मचारियों हेतु आवास निर्माण के लिए प्राधिकरण द्वारा टी0एच0डी0सी से विचार-विमर्श के पश्चात् 400 आवासों की योजना प्रस्तुत की है। इस वर्ष इस योजना से कुल 120 लाख रूपये प्राप्त होना दिखाया गया है ।

6. अर्द्ध कुम्भ मेला में प्राधिकरण के अपने संसाधनों द्वारा काफी अधिक व्यय किये गये है। अतः उनकी प्रतिपूर्ती हेतु मेला अधिष्ठान से लगभग 66.25 लाख की प्राप्ति का प्राविधान पूर्व बजट में किया गया था वर्तमान में केवल 40.00 लाख रूपये की प्राप्ति की सम्भावना की है ।

7. पार्क निर्माण हेतु शासन से अनुदान में 25 लाख रूपये प्रस्तावित थे। वर्तमान में लगभग 11 लाख रूपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है अतः इस मद में 10.00 ल प्रस्तावित किये गये हैं ।

8. पर्वतीय विकास विभाग अनुदान से रू0 50 लाख , बैंकों से ऋण रू0 40 लाख व शासन से अव्याप्ति हेतु ऋण मद में 100 लाख का प्राविधान पूर्व बजट में किया गया था वर्तमान में कोई प्रस्ताव न होने के कारण व ऋण की विशेष आवश्यकता न होने के कारण इन मदों से प्राप्त होने वाली आय के प्राविधान को पुर्नरीक्षित बजट में समाप्त किया जा रहा है ।

9 हडको से रूपये 235 लाख ऋण का प्रस्ताव है। इस वित्तीय वर्ष में 175 लाख के ऋण प्राप्ति की सम्भावना को ध्यान में रखकर इस मद में 175 लाख पुर्नरीक्षित बजट बजट में प्रस्तावित रखा गया है ।

**[ख] प्रस्तावित व्यय**

**[1] राजस्व व्यय**

पूर्व बजट में राजस्व व्ययों की मद में रू0 75.35 लाख का प्राविधान किया गया था। इसकी मदों में कटौती कर केवल 75.03 लाख के व्यय 1992-93 हेतु प्रस्तावित किये जा रहे हैं ।

**[2] पूंजीगत व्यय**

पूर्व बैठक में रखे गये वर्ष 1992-93 के प्रस्तावित बजट में पूंजीगत व्ययों हेतु रू0 968 लाख का प्राविधान किया गया है। दिनांक 15.11.92 तक की स्थितियों को देखते हुए पुर्नरीक्षित बजट में परिर्वतन है। किये गये परिवर्तनों की मदें निम्नानुसार है ।

1. सराय रोड में हरिलोक योजना की भूमि क्रय हेतु पूर्व बजट में 150 लाख का प्राविधान है। हडको से मिलने वाले ऋण में कुछ कमी की सम्भावना को देखते हुए पुर्नरीक्षित बजट में 170 लाख रूपये रखे गये हैं। कब्जा व ऋण प्राप्त में कुछ विलम्ब होने के कारण हरिलोक योजना के निर्माण कार्यो की मद में पूर्व में रखे गये 445 लाख के व्ययों में कमी आने की सम्भावना को देखते हुए पुर्नरीक्षित बजट में 132 लाख रूपये का प्राविधान किया गया है ।

2. टी0एच0डी0सी0 की कर्मचारी आवास योजना की मद में 70 लाख रूपये का प्राविधान पुर्नरीक्षित बजट में किया जा रहा है।पुर्नवास योजना में पूर्व बजट में रखे 50 लाख के व्यय होने का अनुमान है ।

3. पार्क निर्माण अनुदान को 25 लाख के रु0 10 लाख तथा पर्वतीय विकास विभाग से प्राप्त अनुदान 50 लाख [illegible] के स्थान पर 7 लाख का प्राविधान तथा अर्द्ध कुम्भ मेले के कार्यों में 66 लाख के व्ययों के स्थान पर 40 लाख के व्ययों का प्राविधान ही पुर्नरीक्षित बजट में किया जा रहा है। उक्त में से 25 लाख दिनांक 15.11.92 तक भुगतान हो चुका है। 15 लाख रूपये के भुगतान होने शेष है।

उपरोक्त विवरण प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण से निवेदन है संलग्न परिशिष्टों के अनुसार दिनांक 15.11.92 तक किये गये आय-व्ययों को स्वीकृति प्रदान करते हुए वर्ष 1992-93 के पुर्नरीक्षित आय- व्ययों के प्राविधानों को स्वीकृति प्रदान करने की कृपा की जाये।

## बजट एक दृष्टि में [ रुपये लाख में ]

| क्र०सं० | मद | वर्ष 91-92 की वास्तविक आय | वर्ष 92-93 की अनुमानित आय | वर्ष 92-93 की 15.11.92 तक की वास्ताविक अय | वर्ष 92-93 की पुर्नरीक्षित प्रस्तावित बजट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्व आय | 51.55 | 116.50 | 50.74 | 120.50 |
| 2. | पूंजीगत आय | 196.51 | 989.25 | 134.55 | 665.15 |
| | योग | 248.06 | 1105.75 | 185.29 | 785.65 |
| 1. | राजस्व व्यय | 58.75 | 75.33 | 16.40 | 75.03 |
| 2. | पूंजीगत व्यय | 222.99 | 968.00 | 99.41 | 642.00 |
| | योग | 281.74 | 1043.33 | 115.81 | 717.03 |
| | अन्तिम शेष | -33.68 | 62.42 | 69.48 | 68.62 |

## परिशिष्ट[क]

राजस्व आय

लाख में

| क्रम संख्या | आय के शीर्षक | वर्ष 91-92 की आय | वर्ष 92-93 की अनुमानित आय | वर्ष 92-93 की 15.11.92 तक की वास्तविक आय | वर्ष 92-93 की पुनरीक्षित प्रस्तावित आय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्टाम्प शुल्क | 24.27 | 25.00 | 14.91 | 25.00 |
| 2. | विनियोगो से आय | 2.72 | 0.50 | 5.50 | 8.80 |
| 3. | मानचित्र शुल्क | 0.85 | 1.25 | 0.75 | 1.25 |
| 4. | कम्पाउंडिंग फीस[शमन शुल्क] | 1.81 | 3.50 | 7.39 | 20.00 |
| 5. | लाइसेंस शुल्क | 0.25 | 0.30 | 0.18 | 0.30 |
| 6. | विकास शुल्क | 17.69 | 35.00 | 13.96 | 35.00 |
| 7. | न्यायालय से प्राप्त अर्थ दण्ड | - | 0.10 | - | 0.10 |
| 8. | प्रपत्रों की बिक्री | - | 0.10 | 0.06 | 0.10 |
| 9. | भूउपयोग/हस्तांतरण शुल्क | 0.41 | 2.00 | 0.21 | 2.00 |
| 10. | प्रेक्षण शुल्क | 1.09 | 4.50 | -- | 4.50 |
| 11. | डीपरेन्ट | 2.20 | 3.00 | 0.89 | 3.00 |
| 12. | पुस्तक विक्रय से आय | -- | 20.00 | 1.87 | 15.00 |
| 13. | विविध प्राप्ति | 0.26 | 1.25 | 0.02 | 1.25 |
| 14. | कुम्भ मेला परिप्रेक्ष्य में कराये गये कार्यों हेतु मेला अधिष्ठान/शासन से प्राप्त होने वाला धन | -- | 20.00 | 5.00 | 5.00 |
| | | 51.55 | 116.50 | 50.74 | 120.50 |

{ख} पूंजीगत आय

लाख में

| क्रमांक | आय के शीर्षक | वर्ष 91-92 की वास्तविक आय | वर्ष 92-93 की अनुमानित आय | वर्ष 92-93 की 15.11.92 तक की वास्तविक आय | वर्ष 92-93 की पुनरीक्षित प्रस्तावित आय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | व्यावसायिक पूंजी {शासन से ऋण के रूप में} | --- | 40.00 | -- | -- -- |
| 2. | पर्वतीय विकास विभाग से प्राप्त व्यावसायिक पूंजी | --- | 10.00 | --- | -- |
| 3. | आवासीय योजनाएं | | | | |
| | 1. शिवलोक आवासीय योजना | 9.08 | 10.00 | 2.54 | 10.00 |
| | 2. शिवलोक आवासीय योजना भाग-2 एवं विस्तार | 62.75 | 45.00 | 58.33 | 70.00 |
| | 3. [illegible] आवासीय योजना | 18.59 | 40.00 | 20.71 | 40.00 |
| | 4. सराय रोड आवासीय योजना | -- | 215.00 | 18-70 | 132.00 |
| | 5. भावी योजनाओं से आय | -- | 75.00 | -- | 30.00 |
| | 6.{1} टी0एच0डी0सी0 ऋषिकेश में आवासीय योजना हेतु प्राप्त होने वाला धन | 15.00 | 35.00 | 25.00 | 35.00 |
| | 6{2} टी0एच0डी0सी0 ऋषिकेश में कर्मचारियों हेतु आवास योजना | --- | -- | -- | 120.00 |
| {4} | मेला क्षेत्र में सड़कों का निर्माण व पथ प्रकाश व्यवस्था, भीमगोडा, सतीकुण्ड सौन्दर्यीकरण, हरकीपैड़ी, बिरलाघाट विशेष प्रकार व्यवस्था। | 81.09 | 66.25 | 6.12 | 40.00 |
| 5. | शासन से अनुदान | | | | |
| | 1. सुलभ शौचालय निर्माण हेतु | -- | 3.00 | 3.15 | 3.15 |
| | 2. पार्क निर्माण से | --- | 25.00 | --- | 10.00 |
| | 3. पर्वतीय विकास विभाग {अनुदान} विकास व सौन्दर्यीकरण हेतु। | 10.00 | 50.00 | -- | -- |

---2

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 6. | ऋणों की प्राप्ति | | | | |
| | (क) हडको से | -- | 235.00 | --- | 175.00 |
| | (ख) बैंकों से | -- | 40.00 | -- | -- |
| | (ग) शासन से (भवन निर्माण, भूमि विकास, दुर्बल आय वर्ग आदि हेतु) | -- | 100.00 | -- | -- |
| | पूंजीगत आय का योग | 196.51 | 989.25 | 134.55 | 665.15 |

**राजस्व व्यय**

| क्र0सं0 | व्यय का शीर्षक | वर्ष 91-92 का वास्तविक व्यय | वर्ष 92-93 का अनुमानित व्यय | वर्ष 92-93 तक की 15.11.92 वास्तविक व्यय | लाख में<br>वर्ष 92-93 का पुनरी वास्तविक व्यय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **अधिष्ठान के वेतन एवं भत्ते** | | | | |
| | 1. अधिकारियों व कर्मचारियों के वेतन व भत्ते | 11.40 | 18.00 | 6.71 | 18.00 |
| | 2. अवकाश नकदीकरण | 0.48 | 0.60 | 0.07 | 0.50 |
| | 3. बोनस | 0.39 | 0.50 | 0.31 | 0.40 |
| | 4. यात्रा भत्ता | 0.46 | 0.75 | 0.27 | 0.70 |
| | 5. दैनिक वेतन | 0.69 | 1.00 | 0.22 | 1.00 |
| 2. | **वाहनों पर व्यय** | | | | |
| | 1. वाहन मरम्मत एवं अनुरक्षण | 0.95 | 1.00 | 0.28 | 1.00 |
| | 2. पेट्रोल /डीजल | 0.83 | 1.00 | 0.40 | 1.00 |
| 3. | **कार्यालय व्यय** | | | | |
| | 1. डाक टिकट | 0.06 | 0.10 | 0.04 | 0.10 |
| | 2. स्टेशनरी | 0.40 | 0.50 | 0.25 | 0.50 |
| | 3. कार्यालय भवन अनुरक्षण | 0.96 | 1.50 | 0.87 | 1.50 |
| | 5. टेलीफोन | 0.37 | 0.75 | 0.32 | 0.75 |
| | 6. पुस्तकें एवं समाचार पत्र क्रय | 0.02 | 0.10 | 0.02 | 0.10 |
| | 7. कानूनी व्यय | 0.86 | 1.50 | 0.42 | 1.50 |
| | 7. सत्कार व्यय | 0.19 | 0.75 | 0.08 | 0.40 |
| | 9. छपाई व्यय | 0.17 | 0.30 | 0.34 | 0.60 |
| | 10. विज्ञापन एवं प्रचार व्यय | 0.30 | 1.25 | 0.51 | 1.25 |
| | 11. आडिट फीस | 0.24 | 0.75 | 0.46 | 0.75 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 12. विविध व्यय | 0.11 | 0.50 | 0.15 | 0.50 |
| | 13. अस्थायी अग्रिम | 0.66 | 0.20 | 1.03 | 0.20 |
| | 14. उपकरण व्यय/अनुरक्षण | 0.06 | 0.50 | 0.03 | 0.50 |
| | 15. स्थायी अग्रिम | 0.04 | 0.10 | 0.05 | 0.10 |
| | 16. विद्युत व्यय एवं अनुरक्षण | 0.02 | 0.50 | 0.03 | 0.50 |
| | **अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए अग्रिम** | | | | |
| | 1. वाहन हेतु अग्रिम | 0.93 | 1.00 | 0.10 | 1.00 |
| | 2. भवन निर्माण अग्रिम | 1.00 | 2.50 | 0.45 | 2.50 |
| | आवारिक पूंजी पर ब्याज का भुगतान | 2.75 | 5.20 | 0.60 | 5.20 |
| | महायोजना सर्वेक्षण पर व्यय | 0.04 | 1.00 | -- | 1.00 |
| 7. | विकास कार्यों पर व्यय | 34.37 | 25.00 | 2.06 | 25.00 |
| 8. | पुस्तक प्रकाशन पर व्यय | -- | 8.48 | 0.33 | 8.48 |
| | राजस्व व्यय का योग | 58.75 | 75.33 | 16.40 | 75.03 |

पूंजीगत व्यय

| क्र0सं0 | व्यय का शीर्षक | वर्ष 91-92 की वास्तविक व्यय | वर्ष 92-93 की प्रस्तावित व्यय | वर्ष 92-93 तक की 15.11.92 की वास्तविक व्यय | वर्ष 92-93 की पुनरीक्षित प्रस्तावित व्यय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार,जीप,एवं मशीनरी संयत्र भवन आदि | --- | 3.00 | 0.90 | 3.00 |
| 2. | फर्नीचर एवं फिक्चर्स | 1.00 | 1.50 | 0.35 | 2.50 |
| 3. | आवासीय योजना हेतु भूमि का क्रय | | | | |
| | 1.शिवलोक-2 | 1.00 | 1.50 | -- | 1.50 |
| | 2.सराय रोड | 14.06 | 150.00 | -- | 170.00 |
| | 3.भावी योजना | -- | 40.00 | 20.21 | 40.00 |
| 4. | आवासीय योजनाओं के निर्माण पर व्यय | | | | |
| | 1.शिवलोक-प्रथम | 3.79 | 5.00 | 1.50 | 5.00 |
| | 2. कपिलोक योजना | 8.03 | 3.00 | 3.00 | 3.00 |
| | 3.शिवलोक-2 एवं विस्तार | 95.50 | 60.00 | 34.14 | 60.00 |
| | 4. सराय रोड योजना | -- | 445.00 | [illegible] | 132.00 |
| | 5. भावी योजना | -- | 50.00 | -- | 30.00 |
| | 6.प्राधिकरण के अधिकारियों के लिए आवास निर्माण | -- | 10.00 | -- | 10.00 |
| | 7टी0एच0डी0सी0 पुर्नवास योजना | -- | 50.00 | 13.92 | 50.00 |
| | 8. टी0एच0डी0सी0 कर्मचारी आवास योजना | -- | -- | -- | 70.00 |
| 5. | सौन्दर्यीकरण योजनाएं | | | | |
| | 1.पार्क निर्माण(शासन से प्राप्त) | -- | 25.00 | -- | 10.00 |
| | 2. सुलभ शौचालयों का निर्माण | -- | 3.00 | -- | 5.00 |
| | 3.पर्वतीय विकास के अनुदानपरांत | 10.00 | 50.00 | ---- | 7.00 |
| | 4.मेला क्षेत्र में सड़को का निर्माण एवं पथ प्रकाश व्यवस्था, भीमगोड़ा, सतीकुण्ड, हरकी पैड़ी, त्रिवेणीघाट विशेष प्रकाश व्यवस्था। | 81.09 | 66.00 | 25.00 | 40.00 |
| 7. | ऋणों का प्रतिदान | -- | 5.00 | 0.23 | 5.00 |
| 8. | पुस्तक प्रकाशन पर व्यय | 8.52 | -- | -- | -- |
| | | 222.99 | 968.00 | 99.41 | 642.00 |

मद संख्या-2

पुनरीक्षित बजट वर्ष 1992-93 पर विचार ।

उपाध्यक्ष ने प्राधिकरण का पुनरीक्षित बजट प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्राधिकरण की बैठक दिनांक 03.08.92 में प्रस्तुत बजट स्वीकार करते हुए निर्देश दिए थे कि बजट में उल्लिखित आय को प्राप्त करने का प्रयास किया जाए एवं खर्चो पर नियंत्रण किया जाए। इस सम्बन्ध में की गयी प्रगति बोर्ड की आगामी बैठक में रखी जाए। प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित आय के विरूद्व अच्छी प्रगति प्रलक्षित की गयी है विनियोगो के मद में केवल 0.50 लाख प्रस्तावित थे दिनांक 31.12.92 तक 7.22 लाख की राशि प्राप्त की जा चुकी है। पुनरीक्षित बजट में 8 लाख की आय का प्राविधान किया गया है ।

शमन शुल्क की आय 3.50 लाख प्रस्तावित थी इसके विरूद्व दिनांक 31.12.92 तक 11 लाख की आय प्राप्त की जा चुकी है। इस मद में 20 लाख का प्रस्ताव रखा गया है। उपाध्यक्ष ने यह भी अवगत कराया कि पूंजीगत आय में काफी बढ़ोत्तरी की गयी शिवलोक योजना से 45 लाख की आय का प्राविधान रखा गया था। दिनांक 31.12.92 तक इस मद में 67.24 लाख आय प्राप्त की जा चुकी है। इसी प्रकार अन्य मदों में भी 30.6.92 के पश्चात् काफी अच्छी प्रगति दिखायी गयी ।

अध्यक्ष एवं सदस्यों ने प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक कार्यो में अच्छी प्रगति दिखाने के लिए उपाध्यक्ष एवं प्राधिकरण के कर्मचारियों की टीम की प्रशंसा की है ।

उपरोक्तानुसार पुनरीक्षित बजट स्वीकार किया गया ।